प्रैस विज्ञप्ति

भारत सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को सपष्ट किया है कि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है जिसका मूल उददेश्य शिक्षा संस्थानों में ढॉचागत विकास हेतु वित्तिय सहायता उपलब्ध करवाना है तथा प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में शासकीय सुधारों, जिनका केन्द्र विद्यार्थी है, को बेहतर बनाना है।

इस उददेश्य से प्रदेश स्तर पर राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद तथा राज्य परियोजना निदेशालय का गठन किया गया है जो मुख्यरूप से ढॉचागत विकास हेतु योजना बनाता है तथा प्रदेश सरकार को विभिन्न मदों में प्राप्त राशि का सही कियान्वयन करता है। प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान में सम्मिलित होने से पूर्व शैक्षणिक, मूल्यॉकन एवम् प्रत्यायन तथा शासकीय सुधारों को लागू करनें बारे सहमति दी है जिसमें Choice Based Credit System तथा Semester System भी सम्मिलित थे। परीक्षा सम्बंधित सुधारों में परीक्षा परिणामों को समय पर घोषित करना, परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करना आदि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत आने वाले सुधारों की कार्यसूची में शामिल था।

भारत सरकार द्वारा यह सपष्ट किया है कि Choice Based Credit System तथा परीक्षा परिणाम सम्बधित मुददे प्रदेश विश्वविद्यालय से सम्बधित है तथा इन पर कार्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद तथा परीक्षा बोर्ड द्वारा किया जाता है। अतः हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इसके लिए उत्तरदायी है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) केन्द्रीय प्रायोजित योजना का इससे कोई भी सम्बंध नहीं हैं। पिछले कुछ समय से शिक्षा प्रणाली में लाए गए सुधारों को भ्रामक प्रचार से जनता को गुमराह किया जा रहा है कि यह सफल नहीं हुई है। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है Semester System and Choice Based Credit System की खामियों को दूर किया जा रहा है। इसके कियान्वयन में आ रही त्रुटियॉ लागू कर रहे विश्वविद्यालय की हैं।

स्थानः शिमला–1
दिनॉक : 01 अक्तूबर 2016

शिक्षा निदेशक
हिमाचल प्रदेश।